हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 दिसंबर 2025
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

10 अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, झगड़ा होने पर साथी ने ही ...



11 सरपंच, जनपद सदस्य हुए लामबंद, मूलभूत राशि ...



# नियमित वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों का परिवार परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आदिवासी जाति कल्याण विभाग दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी संघ ने आज युवा कांग्रेस नेता हेमंत कश्यप के नेतृत्व में विधायक लखेश्वर बघेल को कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। सैकड़ों दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की समस्याओं और अनियमितताओं को रखते हुए निराकरण की मांग की गई।

हेमंत कश्यप ने बताया कि लंबे समय से विभागीय लापरवाही एवं देरी के कारण कर्मचारी आर्थिक और पारिवारिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियमित आदेश, सेवा सुरक्षा और समय पर वेतन भुगतान न होने से कर्मचारी असहाय स्थिति में जीवनयापन कर रहे हैं। कई महीनों से कर्मचारियों को कार्य आदेश जारी नहीं किया गया है। जिससे असुरक्षा एवं अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है।

संघ ने सभी कर्मचारियों का तत्काल कार्य आदेश जारी करने की मांग की है। कर्मचारियों को सेवा अवधि के अनुरूप ईपीएफ, बीमा, चिकित्सा सुविधा और सेवा सुरक्षा लाभ उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। संघ ने इसे प्राथमिकता से लागू करने की मांग की। कर्मचारियों को 5 से 6 महीने तक नियमित वेतन नहीं मिलता है, जिससे परिवार का भरण-पोषण प्रभावित हो रहा है। संघ ने वेतन भुगतान हर माह नियमित करने की मांग रखी।

## विधायक को ज्ञापन देकर जल्द निराकरण की मांग की गई



### समाधान नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन

संघ ने विधायक से आग्रह किया कि मांगों पर शीघ्र निर्णय लेते हुए कर्मचारियों को राहत प्रदान की जाए। संघ ने यह चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा में समाधान नहीं किया गया तो संगठन आदिम जाति कल्याण विभाग के विरुद्ध चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## खबर संक्षेप



### फसल बीमा योजना से संबंधित कार्यशाला में दी जानकारी

जगदलपुर। कृषि विज्ञान केंद्र कुम्हरावण्ड के सभाकक्ष में सोमवार को फसल बीमा योजना के संबंध में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। उपसंचालक कृषि राजीव श्रीवास्तव, सहायक संचालक कृषि अखिलेश नाग और अन्य कृषि अधिकारियों सहित लोक सेवा केन्द्रों के वीएलई की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी वीएलई को फसल बीमा का पूर्ण प्रोसेस, फॉर्म भरते समय रखी जाने वाली सावधानियां रखने के साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

### दंडामी लक्जरी रिसॉर्ट चित्रकोट में व्यंजन प्रतियोगिता आज

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड ने राज्य की सांस्कृतिक और पर्यटन संवर्धन के लिए विशेष गतिविधियों की एक श्रृंखला शुरू की है। इस श्रृंखला के तहत 9 दिसंबर को दंडामी लक्जरी रिसॉर्ट चित्रकोट में एक अनूठी पारंपरिक छत्तीसगढ़ी एवं जनजातीय व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें देश के किसी भी हिस्से से 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रथम पुरस्कार 7000 , द्वितीय 5000 रुपये और तृतीय 3000 नकद प्रदान किए जाएंगे।

### लाईवलीहुड कॉलेज में ट्रैक्टर मैकेनिक प्रशिक्षण

जगदलपुर। लाईवलीहुड कॉलेज आड़ावाल में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को निःशुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दो माह के ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स का संचालन हो रहा है। यह प्रशिक्षण निःशुल्क है इसमें भाग लेने वाले उम्मीदवारों को आवासीय सुविधा भी प्रदान की जाएगी। 16 दिसम्बर तक युवा संपर्क कर सकते हैं।

### धान खरीदी केंद्र का कांग्रेस नेताओं ने लिया जायजा



जगदलपुर। सरगीपाल, जमावाड़ा और बड़े मुरमा धान खरीदी केंद्र का कांग्रेस ने लिया जायजा । निरीक्षण करने पहुंचे शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, मंडल अध्यक्ष फूलसिंह बघेल, हेमू उपाध्याय सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे। लेम्पस प्रबंधक और कर्मचारियों समेत किसानों से धान खरीदी के संबंध में चर्चा की गई। बताया गया कि उठाव नहीं होने से जाम की स्थिति बन रही है।

## कंपनी की टीम ने अभियान में 14962 उपभोक्ताओं से 6.49 करोड़ बकाया वसूला

# 4.94 करोड़ बकाया के लिए 5178 से अधिक उपभोक्ताओं के काटे गए बिजली कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- डिस्कनेक्शन अभियान तेज उपभोक्ताओं के घर, प्रतिष्ठानों में पहुंच रही टीम

विद्युत कंपनी की ओर से बकाया वसूली के लिए डिस्कनेक्शन अभियान तेज किया गया है। इसमें 4 करोड़ 94 लाख 45 हजार 644 रुपए बकाया के लिए 5178 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटा गया। इसी दौरान 14962 उपभोक्ताओं से 6 करोड़ 49 लाख 32 हजार 856 रूपए बकाया वसूल किया गया। डिस्कनेक्शन अभियान से बकायादार उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है। जिससे बकाया वसूलने के दौरान उपभोक्ता विद्युत कंपनी के टीम के साथ विवाद कर रहे हैं। बस्तर संभाग के सातों जिलों के उपभोक्ताओं पर दो अरब 30 करोड़ 75 लाख रूपए का बिजली बिल बकाया है। जिसमें से शासकीय विभाग पर एक अरब 56 करोड़ 88 लाख रुपए एवं निजी उपभोक्ताओं पर 73 करोड़ 87 लाख रूपए का बिल बकाया है। बिजली बकाएदारों ने विद्युत कंपनी का आर्थिक गणित बिगाड़ दिया है। अरबों की बकाया राशि कई वर्षों से भुगतान नहीं किए जाने से कंपनी को नुकसान हो रहा है। इसकी वसूली के लिए विद्युत कंपनी ने सातों जिलों में डिस्कनेक्शन अभियान तेज किया गया है। अभियान से विद्युत वितरण केन्द्रों में दो टीमें और जोन में 3 टीमें गठित किया जा रहा है, जो सुबह से शाम तक बकायादार उपभोक्ताओं के घर, प्रतिष्ठानों एवं शासकीय कार्यालयों में पहुंच रही है।



अलग खबर



### शासकीय विभागों से वसूलने में छूट रहा पसीना

शासकीय विभाग के कार्यालय और भवनों के लाइन काटने में विभाग के पसीने छूट रहे हैं। बगैर बिल भुगतान के मनमाने बिजली का विभाग शासकीय विभागों के द्वारा किया जाता है। पहले जहां पंखें हुआ करते थे, अब यहां कूलर और एसी के चलते बिजली का खपत भी बढ़ गयी है। इसके अलावा कंप्यूटर, फोटोकॉपी मशीन, प्रिंटर इत्यादि मशीनों का भी उपयोग होता है। वहीं विद्युत बिल भुगतान करवाने में विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है।

### कार्यपालन अभियंताओं को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि डिस्कनेक्शन अभियान में लापरवाही होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र के कार्यपालन अभियंताओं को निर्देश दिए गए कि वे शासकीय विभागों को नोटिस दें, जिससे मार्च माह से पूर्व बकाया की वसूली हो सके।

## कम धान खरीदने पर नाराज किसानों ने खरीदी केंद्र में लगा दिया ताला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- एसडीएम की समझाइश के बाद माने किसान

बस्तर में इन दिनों धान खरीदी जोरों पर है और किसान अपनी उपज लेकर केंद्रों में पहुंच रहे हैं। बड़े मारेंगा धान खरीदी केंद्र में सीमा तय होने से किसानों का गुस्सा फूटा और उन्होंने मुख्य गेट में ताला जड़ दिया। किसानों का कहना है कि प्रतिदिन सिर्फ 800 क्विंटल की खरीदी सीमा तय कर देने से छोटे किसानों को परेशानी हो रही है। किसानों ने बताया कि 7 से 8 किसान ही धान बेच पा रहे हैं । जबकि अनेक किसान रोज सुबह लाइन में लगते हैं और निराश लौट जाते हैं। एक दिन पहले किसानों ने चेतावनी दी थी कि सीमा नहीं बढ़ी तो केंद्र में ताला लगाया जाएगा, और उन्होंने करके दिखा भी दिया। सूचना मिलते ही तोकापाल एसडीएम, तहसीलदार और ग्रामीण कृषि विस्तार ▶▶| शेष पेज 10 पर

### कम खरीदी होने से किसान लौट रहे

इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने कहा कि पिछले साल खरीदी केंद्रों में प्रतिदिन 2 हजार क्विंटल खरीदी की जाती थी। इस वर्ष ऑफ लाइन 400 और आनलाइन 1200 क्विंटल खरीदी की जा रही है। जिसमे भी आये दिन सर्वर डाउन होने से खरीदी का लक्ष्य पूरा नही हो रहा है। व्यवस्था सुधारने कलेक्टर को मांगपत्र सौंपा गया है। मक्का का समर्थन मूल्य नहीं दिया जा रहा है। बस्तर के जनप्रतिनिधि भी चुप्पी साधे हुए है। ऐसे में किसान बाध्य होकर सड़क की लड़ाई लड़ने पर विवश है।

## ट्रैफिक सुधारने चालकों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- संजय मार्केट में जाम पर लगाम

शहर के व्यस्त संजय मार्केट क्षेत्र में बढ़ते जाम और अव्यवस्थित पार्किंग पर सोमवार को यातायात पुलिस ने कड़ा एक्शन लिया। पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष जैन के नेतृत्व में यातायात प्रभारी मधुसूदन नाग व टीम मौके पर उतरी। सड़क किनारे खड़े बेतरतीब वाहनों को हटवाया और चालकों को निर्धारित पार्किंग स्थल का ही उपयोग करने की सख्त समझाइश दी। कार्रवाई के दौरान नगर निगम अतिक्रमण प्रभारी मुन्ना नाग भी अपने दल के साथ मौजूद रहे। टीम ने फुटपाथ पर फैले सामान और अवैध रूप से खड़ी गाड़ियों को हटाते हुए व्यापारियों ▶▶| शेष पेज 10 पर



## कांगेर घाटी में मिली 100 से अधिक तितलियों की प्रजाति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- राष्ट्रीय उद्यान में तितलियों का हुआ सर्वेक्षण

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित तीन दिवसीय बटरफ्लाई मीट का समापन किया गया। देश के छह राज्यों राजस्थान, ओडिशा, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ से आए प्रतिभागियों ने उद्यान में दर्जनों दुर्लभ व आकर्षक तितली प्रजातियों का वैज्ञानिक सर्वेक्षण कर महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने रखे। कार्यक्रम में शामिल छात्रों, प्रकृतिवादियों, वन्यजीव विशेषज्ञों और नेचर लवर्स ने उद्यान के 16 चयनित ट्रेल्स में फैले अलग-अलग स्थानों पर सूक्ष्म अध्ययन किया। सर्वेक्षण के दौरान टीमों ने तितलियों के प्राकृतिक आवास, उनके भोजन ▶▶| शेष पेज 10 पर



### तितली संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि यह सर्वेक्षण भविष्य में तितलियों के संरक्षण, उनके आवास को सुरक्षित रखने तथा जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत डेटा उपलब्ध कराएगा। साथ ही इसे कांगेर घाटी में इको-टूरिज्म और प्राकृतिक अध्ययन को बढ़ावा देने वाला पहल बताया।

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# आदिवासी नेता की संदिग्ध मौत पर बस्तर बंद आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सर्व आदिवासी समाज का आह्वान, सुबह 8 बजे से विरोध होगा


कांकेर जिले के आदिवासी नेता और पूर्व जिलाध्यक्ष जीवन ठाकुर की संदिग्ध मृत्यु को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने मंगलवार को बस्तर संभाग बंद का आह्वान किया है। सुबह 8 बजे से बंद की शुरूआत होगी और दोपहर 1 बजे कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। समाज के ब्लॉक व जिला अध्यक्ष, सचिव, कार्यकारिणी, युवा प्रभाग, महिला प्रभाग, बुद्धिजीवी वर्ग, कर्मचारी-अधिकारी और छात्र संगठन व्यापक रूप से सहभागी होंगे। विभिन्न इकाइयों ने भी समर्थन दिया है। बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक बाजार बंद रखने का निर्णय लिया। जबकि शहर और ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी ने बंद के साथ खड़े होने की घोषणा की।

सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कहा कि जीवन ठाकुर की जेल में हुई मौत कई गंभीर सवाल खड़े करती है। परिवार का आरोप है कि उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत हत्या का शिकार बनाया गया। उन्होंने बताया कि जीवन ठाकुर के खिलाफ वन अधिकार प्रमाणपत्र नकली होने की एफआईआर दर्ज की गई थी। जबकि सामान्य प्रक्रिया के अनुसार यदि पट्टा अवैध होता तो उसे रद्द करने की कार्रवाई होती, न कि सीधे आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाता। सवाल उठाया गया कि एफआईआर दर्ज करने वाले अधिकारी को वन अधिकार अधिनियम की जानकारी थी या नहीं। समाज ने यह भी आशंका जताई कि बीमार होने के बावजूद जीवन ठाकुर को जमानत न देना और 2 दिसंबर ▶▶| शेष पेज 10 पर

### निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग

घटना के बाद समुदाय ने सबसे पहले एफआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाए, फिर जमानत न दिए जाने और गुपचुप जेल शिफ्टिंग को लेकर विरोध तेज किया। इसके पश्चात संदिग्ध मौत की परिस्थितियों को सामने रखकर बस्तर बंद का आह्वान किया गया और अब सामूहिक रूप से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग रखी जाएगी।

सुमीत बाजार में आज का स्पेशल ऑफर
MRP. ₹ 125 प्रति पीस वाला
एक्सपोर्ट क्वालिटी 5 स्टार होटल में यूज होने वाले
100% कॉटन सॉटन
प्लेन पिलो कव्हर
4 पीस ₹119
प्लेन 10 से अधिक रंगों में
दिखाये गये फोटो से प्रोडक्ट भिन्न हो सकते हैं ऑफर स्टॉक रहने तक
बस स्टैण्ड के सामने, मेन रोड, कोंडागांव



## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 5 लाख 19 हजार क्विंटल से अधिक धान उपार्जित

**कोण्डागांव।** राज्य शासन की मंशा के अनुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के तहत जिले में धान खरीदी कार्य सुचारू और पारदर्शी ढंग से जारी है। किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए उपार्जन केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, आर्द्रतामापी यंत्र सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि जिले के 67 उपार्जन केंद्रों में सोमवार तक कुल 5,19,175 क्विंटल धान उपार्जित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि खरीदी तेजी से जारी है और किसान सुविधाजनक रूप से अपना धान बेच रहे हैं। जिले के उपार्जन केंद्रों में बहीगांव ने 19,190 क्विंटल धान खरीदी के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त गम्हरी 18,186.80 क्विंटल, अरण्डी 15,280 क्विंटल, सलना 14,967.20 क्विंटल, विश्रामपुरी 14,174 क्विंटल, इन केंद्रों में धान उपार्जन की गति सबसे अधिक दर्ज की गई है।

### आजीविका उन्नयन के लिए ग्रामीणों को बताए गए डबरी निर्माण के लाभ

**कोण्डागांव।** जनपद पंचायत कोंडागांव के ग्राम मोहलइ, बाखरा एवं जोबा में शनिवार को मनरेगा योजना अंतर्गत रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को आजीविका बढ़ाने से जुड़े विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि डबरी निर्माण से भूमिगत जल स्तर में वृद्धि, खेतों के निचले हिस्से में मत्स्य पालन, मेड़ पर सब्जी उत्पादन जैसी गतिविधियों से ग्रामीणों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकती है। इससे उनकी आजीविका और अधिक सुदृढ़ होगी। ग्रामीणों से डबरी निर्माण के प्रस्ताव लिए गए, जिन्हें स्थल क्लार्ट ऐप से जांचकर स्वीकृति दी जाएगी। कार्यक्रम में मनरेगा से संबंधित कोड प्रणाली की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि कोड स्कैन कर ग्रामीण स्वयं मनरेगा मद से होने वाले व्यय, स्वीकृत कार्यों की सूची, कार्य प्रगति की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इससे मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी और सूचना किसी पर निर्भर हुए बिना उपलब्ध होगी।

# विधायक ने बांसगांव को दी 14.50 लाख के विकास कार्यों की सौगात

## नवीन पंचायत भवन एवं सांस्कृतिक रंगमंच निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने शनिवार को ग्राम बांसगांव में 14.50 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत विकास कार्यों की सौगात ग्रामवासियों को दी। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण कार्यों का भूमिपूजन किया और विभिन्न योजनाओं की प्रगति का अवलोकन भी किया। ग्राम बांसगांव में 12 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नवीन पंचायत भवन का विधायक सुश्री उसेंडी ने विधिवत भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि इस भवन के बन जाने से ग्रामीणों को पंचायत गतिविधियों और जनसुविधाओं के संचालन में बड़ी सुविधा होगी। गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए 2.50 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित सांस्कृतिक रंगमंच निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कला–संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ऐसे मंच आवश्यक हैं।

### हाईस्कूल का निरीक्षण, शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा

विधायक सुश्री उसेंडी ने समग्र शिक्षा शासकीय हाई स्कूल बांसगांव पहुंचकर शैक्षणिक गतिविधियों, उपस्थिति व शिक्षण व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का भी अवलोकन किया।



### इनकी रही उपस्थिति

*इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जनपद सदस्य मानबती कोर्राम, जितेन्द्र सुराना, संतोष पात्रे, अश्वनी पाण्डे, आसमन नेताम, रिषभ देवांगन, प्रदीप नाग, सहित कई सरपंच, उपसरपंच और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।*

### बालिकाओं को वितरित की गई निःशुल्क साइकिलें

विद्यालय की बालिकाओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। विधायक ने बालिकाओं को शिक्षा के प्रति निरंतरता बनाए रखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## सफलता : बाजार से जंगल में ले जाकर घटना को दिया था अंजाम, गिरफ्तार

# अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, झगड़ा होने पर साथी ने ही गर्दन काट की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल/विश्रामपुरी



जंगल में मिली लाश के मामले में पुलिस ने मृतक के साथी को गिरफ्तार कर लिया। झगड़ा होने पर उसने गर्दन काटकर हत्या की थी। कमलेश पटेल ने थाना विश्रामपुरी में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि चनाभर्री के जंगल में अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है, जिसका सर धड़ से गायब है बदन पर चेकदार फुलशर्ट पहना हुआ है कि रिपोर्ट पर मर्ग क्रं. 65/2025 कायम कर जांच में लिया गया। अज्ञात शव के मिलने व मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा (भा.पु.से.) के द्वारा घटना की बारीकी से जांच करने हेतु निर्देश दिया गया जिस पर अति.पु.अधी. कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरूण नेताम के नेतं टीम गठित कर मर्ग जांच प्रारंभ किया गया। घटनास्थल का निरीक्षण फारेंसिक टीम व डॉग स्कॉट से कराया गया एवं गठित टीम के द्वारा किया गया, साथ ही शव निरीक्षण किया गया, मृतक का सर नही होने से पहचान कार्यवाही में कठीनाई उत्पन्न हो रही थी, जिस पर टीम के द्वारा आस पास के गुम इंसान एवं ग्रामों में पता तलाश किया गया, इस दौरान लगभग आसपास के सभी ग्रामों में पता तलाश किया जा रहा था। शव के कपड़े के आधार पर मृतक की पहचान बाड़ागांव निवासी लच्छिन्दर पाण्डेय के रूप में हुआ। मृतक का सर धड़ से गायब था, जिससें प्रथम दृष्टया हत्या होना प्रतीत हो रहा था, जिस पर टीम के द्वारा हत्या के कारण, मृतक का सर एवं हत्यारे के संबंध में पता तलाश प्रारंभ किया गया। मृतक लच्छिन्दर पाण्डेय को 3 दिसंबर को विश्रामपुरी बाजार में अंतिम बार देखा गया था, जहां से उसके संबंध में खोजबीन चालु किया गया, मृतक एवं आरोपी के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नही हो पा रही थी, इसी दौरान मुखबिर ने बताया कि लच्छिन्दर पाण्डेय का विश्रामपुरी साप्ताहिक बाजार मे श्यामलाल नेताम एवं रामु नेताम के साथ झगड़ा हुआ था, जिसके बाद से मृतक दिखाई नही दिया है, संदेह के आधार पर श्यामलाल नेताम को तलब कर पुछताछ प्रारंभ किया गया, जो लच्छिन्दर पाण्डेय को नही जानना बता रहा था, जब कड़ाई से पुछताछ किया तो बताया कि 28 नवंबर को बाड़ागांव सोसायटी में झगड़ा हुआ था, जिसके कारण वे मृतक के प्रति आपसी रंजीश रखे हुए थे, 3 दिसंबर को भी पुनः साप्ताहिक बाजार विश्रामपुरी में मृतक के साथ झगड़ा होने पर उसे अपने साथ मोटर सायकल मे ले जाकर चनाभर्री के जंगल में ले जाकर टंगीया से वार कर उसके सर को धड़ से अलग कर हत्या कर दिया तथा पहचान छुपाने के लिए उसके सर को कुरूभाठ के तालाब के पास छिपाकर रखना बताया।

### हत्या का औजार बरामद

आरोपी के निशानदेही पर मृतक के सर एवं हत्या में प्रयुक्त टंगीया को विधिवत जप्त किया गया है। आरोपी श्यामलाल नेताम के द्वारा हत्या करना स्वीकार्य करने पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जहॉ से रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### इनका रहा विशेष योगदान

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. विनोद नेताम, सउनि. रमेष निषाद, आर. जम्मू मरकाम, रमेष नेताम, शिवनाथ बर्वे एवं सायबर सेल से सायबर सेल प्रभारी निरी. सौरभ उपाध्याय, प्र.आर. रितुराज सिंह, आर. चंदन यादव, बीजु यादव का विशेष योगदान रहा।

## सभी दुकानों की मैपिंग शुरू, व्यापारियों से ट्रेड लाइसेंस बनवाने की अपील




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य सरकार के निर्देश पर पूरे प्रदेश में बाजारों को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने हेतु सभी नगरीय निकायों में दुकानों की मैपिंग शुरू कर दी गई है। इन्हीं निर्देशों के तहत नगर पालिका कोंडागांव द्वारा शहर की सभी दुकानों का सर्वे एवं मैपिंग कार्य तेज़ी से जारी है।

■ नगर पालिका कर रही शहर की सभी दुकानों का सर्वे एवं डाटा संकलन

मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे ने बताया कि शासन द्वारा ट्रेड लाइसेंस शुल्क निर्धारित किया गया है और यह स्पष्ट किया गया है कि अब नगर क्षेत्र में संचालित सभी छोटे–बड़े व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य होगा। यह शुल्क शासन के गैजेट के अनुसार वार्षिक रूप से जमा किया जाएगा।

### नगर पालिका अधिनियम के तहत अनिवार्यता

अधिकारियों ने बताया कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 127(6)(ग) के अंतर्गत प्रत्येक व्यापारी को व्यापार अनुज्ञप्ति ट्रेड लाइसेंस लेना आवश्यक है। इस के लिए आवेदन फॉर्मेट "क" में किया जाएगा, जो नगर पालिका कार्यालय में उपलब्ध है।

### समय पर लाइसेंस बनवाने की अपील

नगर पालिका ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे समय पर ट्रेड लाइसेंस बनवाकर अपने व्यवसाय को पंजीबद्ध एवं व्यवस्थित रखें। इससे न केवल बाजार व्यवस्था पारदर्शी और सुचारू बनेगी, बल्कि प्रशासनिक कार्योर् में भी सुविधा होगी।

## नालाझर क्रिकेट स्पर्धा फाइनल मुकाबले में ओण्डरी ने बुनागांव को दी शानदार मात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्राम पंचायत बरकई के आश्रित ग्राम नालाझर में सात दिवसीय पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन स्व. सुकनाथ मरकाम पुजारी और स्व. घड़वाराम मरकाम पटेल की स्मृति में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ दोनों दिवंगत जनों के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण कर किया गया।

■ सुकनाथ एवं घड़वाराम मरकाम की स्मृति में आयोजित की गई प्रतियोगिता

इस वर्ष के फाइनल मुकाबले में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। 28 नवम्बर को शुरू हुई यह स्पर्धा 7 दिसम्बर, रविवार को रोमांचक फाइनल मैच के साथ संपन्न हुई। फाइनल मुकाबले में माता पुजारी लखीराम मरकाम ने मैदान पर टॉस उछाला और दोनों टीमों से परिचय प्राप्त किया। ओण्डरी टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। निर्धारित 6 ओवरों में बुनागांव की टीम 64 रनों पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए ओण्डरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 65 रन बनाकर आसानी से मैच जीत लिया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच जमुना अजीत मरकाम, उपसरपंच जुनीता सोमारू यादव, माता पुजारी लखीराम मरकाम, शिवलाल मंडावी, ग्राम पटेल सोहनलाल मरकाम, घासुराम मरकाम, हरिशंकर मरकाम, सोनाराम मरकाम, सोनादेव पंच, घड़वा राम नेताम, सीआरपीएफ जवान हेमप्रकाश नेताम, राजेश नेताम सहित अनेकों ग्रामीण उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में क्रिकेट समिति के अध्यक्ष कोमल सलाम, उपाध्यक्ष मोहनसिंह मरकाम, सचिव महेंद्र मरकाम, कोषाध्यक्ष कल्याण मरकाम, सोमारू राम और समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विधायक लता उसेंडी ने किवईबालेंगा में सीसी सड़क निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने शनिवार को ग्राम किवईबालेंगा में प्लाटपारा से डोंगरीपारा तक बनने वाली 300 मीटर सीसी सड़क का भूमिपूजन किया। इस निर्माण कार्य पर 7.80 लाख रुपये की लागत स्वीकृत है। विधायक सुश्री उसेंडी ने किवईबालेंगा स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण भी किया। उन्होंने समिति पदाधिकारियों से खरीदी की प्रगति जानी तथा किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उसेंडी ने कहा गांवों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। सड़कें अच्छी होंगी तो सभी सुविधाएं गांव तक आसानी से पहुंचेंगी। हमारा लक्ष्य है कि हर गांव को सड़क मार्ग से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जनपद सदस्य मानबती कोर्राम, जितेन्द्र सुराना, संतोष पात्रे, अश्वनी पाण्डे, आसमन नेताम, रिषभ देवांगन, प्रदीप नाग, विकास दुआ, नागेश देवांगन, शीतल पटेल, जैनेन्द्र ठाकुर, पार्षद सोनामणि पोयाम, संतोष सिंह, लक्ष्मी ध्रुव, सुष्मा खोब्रागड़े, दयाबती मरावी, धन्जू मरकाम, गीता नेताम, पनकु राम सोढ़ी, राम कुमार कोर्राम, गोकुल सेठिया, मोहन सेठिया, मानसिंह नेताम, रामलाल सलाम सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### चौड़ग में विधायक ने 7 करोड़ 18 लाख की सड़क निर्माण योजना का किया भूमिपूजन

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने शनिवार को ग्राम चौड़ग में 07 करोड़ 18 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत चौड़ग से चलका तक 6 किलोमीटर लम्बी पक्की सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि पक्की सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सीधे लाभ मिलेगा और क्षेत्र का समग्र विकास तेज होगा। कार्यक्रम में विधायक सुश्री उसेंडी द्वारा 1 व्हीलचेयर, 1 बैसाखी और 3 श्रवण यंत्र दिव्यांगजनों को प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को आवश्यक सहायता प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। समाज कल्याण विभाग द्वारा ग्रामीणों को नशा मुक्त भारत अभियान के प्रति जागरूक किया गया। नशामुक्ति के लाभ और स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कई विभागों कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, श्रम विभाग, सीएटी भारत गैस एजेंसी, जिल्व्य समिति, वन विभाग द्वारा शिविर लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं, लाभों और सेवाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जितेन्द्र सुराना, जनपद सदस्य मानबती कोर्राम, संतोष पात्रे, अश्वनी पाण्डे, आसमन नेताम, रिषभ देवांगन, प्रदीप नाग, विकास दुआ, नागेश देवांगन, शीतल पटेल, जैनेन्द्र ठाकुर, पार्षद सोनामणि पोयाम, संतोष सिंह, लक्ष्मी ध्रुव, सुष्मा खोब्रागड़े, डोके राम नेताम, मंगलू राम नेताम, चुन्नीबाई शोरी, रूपती कोर्राम, मंगनी बाई नेताम, दयाबती मरावी, रामलाल सलाम, आसमन नेताम सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## एनएसएस कैंप में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन, बच्चों को मिली कानूनी जागरुकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



हायर सेकेंडरी स्कूल जैतपुरी द्वारा ग्राम सुवा डोंगरी में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के अंतर्गत 8 दिसंबर को विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल लायर सुरेंद्र भट्ट ने विद्यार्थियों को बाल अपराध, यौन शोषण, बाल अधिकार तथा नशा से जुड़े अपराधों के बारे में जागरूक किया। श्री भट्ट ने नशा करने से बढ़ने वाले अपराधों की जानकारी देते हुए उनसे बचाव एवं सामाजिक जागरूकता के उपाय बताए। बच्चों ने रुचि से प्रश्न पूछे और कानूनी जानकारी प्राप्त की। शिविर के तहत स्वयंसेवकों ने ग्राम सुवा डोंगरी की मुख्य सड़क के दोनों ओर उगे खरपतवारों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। दैनिक गतिविधियों में प्रभात फेरी, योगाभ्यास और प्राणायाम शामिल रहे, जिससे बच्चों ने अनुशासन और स्वास्थ्य के महत्व को समझा। ग्रामवासियों का शिविर में निरंतर सहयोग मिल रहा है। स्वयंसेवक घर–घर जाकर ग्रामीणों को नशा से होने वाली हानियां बताकर जागरूक कर रहे हैं। शामपुर के कार्यक्रम अधिकारी सहदेव सिदार ने नशा मुक्ति पर आधारित अपने प्रेरणादायी उद्बोधन से शिविरार्थियों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम अधिकारी बृजेश तिवारी ने प्रेरणा गीत इंसान तू बड़ा महान है प्रस्तुत कर बच्चों में आत्मबल का संचार किया। शिविर के चौथे दिन राजेश नेताम, वर्षा केरकेट्टा और हेमलता रंगारी ने विशेष सहयोग प्रदान किया, जिससे गतिविधियाँ सफलतापूर्वक संपन्न हुईं।

## सरस्वती सायकिल योजना के तहत 60 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल

**कोण्डागांव।** राज्य सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित सरस्वती सायकिल योजना के अंतर्गत आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, तहसीलपारा में 60 छात्रओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी उपस्थित रहीं।

साइकिल वितरण के दौरान सुश्री उसेंडी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि बालिकाएं सुरक्षित और सुगमता से विद्यालय आ–जा सकें, जिससे उनकी शिक्षा बिना बाधा के जारी रहे। उन्होंने छात्रओं से एक पेड़. माँ के नाम अभियान के तहत पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आग्रह किया।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, दीपेश अरोरा, गोपाल दीक्षित, जितेन्द्र सुराना, जैनेन्द्र ठाकुर, संतोष पात्र, सोनामणि, हर्ष वीर सिंह, सखा कोर्राम, सुषमा खोबरागड़े, असलम खान, संतोष सिंह, महेन्द्र पारख सहित जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विद्यालय प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 11 को

**कोण्डागांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 11 दिसम्बर गुरुवार को एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया जा रहा है। यह रोजगार मेला कोंडागांव कलेक्टर परिसर, जिला पंचायत के सामने, आशा सिलाई सेंटर के बाजू में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। जिला रोजगार अधिकारी के अनुसार विभिन्न निजी संस्थानों द्वारा कुल 558 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें तकनीकी, गैर–तकनीकी, सुरक्षा सेवाएँ तथा विभिन्न ट्रेडों के अवसर उपलब्ध हैं। प्लेसमेंट कैंप में शामिल होने वाले युवाओं को निम्न दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार एवं पैन कार्ड सभी दस्तावेजों की छायाप्रति पासपोर्ट साइज़ फोटो।

## क्लस्टर प्रभारी पहुंचे गांव, अपूर्ण आवासों की स्थिति का लिया जायजा

# प्रधानमंत्री आवास कार्यों में तेजी लाने ग्राम पंचायतों में हुई क्लस्टर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने और नए स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए जनपद पंचायत कोंडागांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर क्लस्टर बैठकें आयोजित की गईं। विकासखण्ड में कुल 18 क्लस्टर चिन्हांकित किए गए हैं।

■ नए स्वीकृत आवासों का निर्माण जल्द शुरू करने पर दिया गया जोर

इनके प्रभावी संचालन के लिए ब्लॉक स्तर पर नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी तथा प्रत्येक क्लस्टर के लिए क्लस्टर प्रभारी नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।



शुक्रवार को सभी क्लस्टर प्रभारी अपने–अपने क्षेत्र में पहुंचे और ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा आवास मित्रें की बैठक लेकर योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि इन क्लस्टर बैठकों का आयोजन हर सप्ताह शुक्रवार को किया जाएगा, जिससे योजनाओं की प्रगति की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके। अपूर्ण आवासों की समीक्षा वर्ष 2016/23 एवं 2024/25 के सभी अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। वर्ष 2016/23 के ऐसे आवास, जिन्हें पूर्ण करना संभव नहीं है, उन्हें ग्राम सभा में निरस्त कराने की कार्रवाई की गई। नवनिर्माण कार्यों की प्रगति वर्ष 2025/26 में स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने पर जोर दिया। प्रथम किश्त अप्राप्त हितग्राहियों के एनपीसीआई लिंकिंग, आधार अपडेट तथा दस्तावेज जमा कराने की समीक्षा की गई। निर्माण की गुणवत्ता व उपलब्धता प्रत्येक अपूर्ण आवास के लिए हितग्राही–वार राजमिस्त्री व निर्माण सामग्री की उपलब्धता की पड़ताल की गई।युवाओं को आर–सेटी के माध्यम से राजमिस्त्री प्रशिक्षण के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। सामाजिक उन्मुखीकरण गांव के आयोजनों में अपूर्ण आवासों पर चर्चा कर समाधान निकालने की पहल की गई। प्राप्त राशि के दुरुपयोग को रोकने के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा हितग्राहियों को मार्गदर्शन देने पर बल दिया गया। मनरेगा ई–केवाईसी की स्थिति ग्राम पंचायतों में मनरेगा अंतर्गत फेस–बायोमैट्रिक ई–केवाईसी से जुड़ी तकनीकी बाधाओं की पहचान तथा हितग्राही–वार सूची तैयार करने के निर्देश दिया गया।

## पेज 9 के शेष

### कम धान खरीदने पर...

अधिकारी मौके पर पहुंचे। किसानों ने मांग पर अडिग रहते हुए खरीदी की गति और सीमा बढ़ाने की बात दोहराई। इसके बाद जनप्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष रामबत्ती भंडारी, उपाध्यक्ष रितेश जोशी, कृषि सभापति डिकेश कुमार और लचीन यादव केंद्र पहुंचे और किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। आश्वासन के बाद किसानों ने ताला खोल दिया।

### ट्रैफिक सुधारने....

को नियमों के पालन की चेतावनी दी। डीएसपी जैन ने कहा कि शहर के ट्रैफिक को सुचारू रखना केवल पुलिस की नहीं, बल्कि सभी की जिम्मेदारी है। व्यापारियों, राहगीरों और वाहन चालकों के सहयोग से ही शहर में व्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

नियमों का करें पालन : यातायात प्रभारी ने कहा कि बेतरतीब पार्किंग पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी इसलिए आमजन नियमों का पालन कर व्यवस्थित पार्किंग की आदत बनाएं। यातायात पुलिस और निगम की संयुक्त टीम ने संजय मार्केट क्षेत्र में पैदल मार्च कर सड़क किनारे की अव्यवस्था हटाई और लोगों को नियम पालन की अपील की।

### कांगेर घाटी में मिली ...

स्रोत, प्रजनन व्यवहार और पर्यावरणीय परिस्थितियों से जुड़ी अहम जानकारियां एकत्रित की। सर्वेक्षण के दौरान घाटी में 100 से अधिक तितलियों की प्रजाति मिली। इस दौरान कई महत्वपूर्ण व कम दिखने वाली प्रजातियां भी रिकॉर्ड की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर एसडीओ कमल तिवारी, कोलेंग रेंजर धनीराम राजपूत, कुटुमसर रेंजर विल्सेंट जेकब, राज्य वन्य जीव बोर्ड के सदस्य गौरव निहलानी तथा शोधार्थी युगल किशोर जोशी सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### आदिवासी नेता की ...

को उन्हें चारामा से रायपुर जेल बिना परिवार को बताए शिफ्ट करना संदेह पैदा करता है। 4 दिसंबर की सुबह मेकाहारा अस्पताल में उनकी मौत हो गई, जिसकी परिस्थितियां भी स्पष्ट नहीं हैं। समाज ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच और जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**खबर संक्षेप**

## शिव महापुराण कथा में शामिल हुआ श्रद्धालु



**बस्तर।** नगर पंचायत बस्तर के वार्ड क्रमांक 3 में 7 दिवसीय शिव महापुराण भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक नारायण महाराज शिवलिंग की उत्पत्ति विभिन्न प्रकारों और उपासना विधि का वर्णन किया। जिसमें नगरवासी मंत्र मुक्त होकर झूम उठे। कथा वाचक ने शिवलिंग के उद्भव और महत्व को समझाया जो शिव पुराण का एक प्रमुख विषय है और भगवान शिव के निराकार ब्रह्म स्वरूप का प्रतीक है। विभिन्न प्रकार के शिवलिंगों, ज्योतिर्लिंगों, स्वयंभू शिवलिंग और उनके महत्व का वर्णन किया गया। शिव उपासना को सरल और कल्याणकारी बताया गया। कथा के दौरान नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए और कथा वाचक के प्रवचन सुनकर भाव विभोर हो गए। जिसमें कथा स्थल पर उत्सव जैसा माहौल बन गया। आयोजनकर्ता कुसुम परिहार व अरुण परिहार एवं समस्त नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल होकर कथा का श्रवण कर रहे हैं।

## एसडीएम ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण



**बीजापुर।** एसडीएम जागेश्वर कौशल ने बीजापुर स्थित धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, टोकन व्यवस्था, बारदाना आपूर्ति तथा धान तौल प्रक्रिया का विस्तृत जायजा लिया। एसडीएम ने मौके पर मौजूद समिति प्रबंधकों और ऑपरेटरों से खरीदी कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा उन्हें समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को बिना किसी परेशानी के टोकन वितरण, साफ-सुथरी तौल, शीघ्र भुगतान और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। एसडीएम कौशल ने कहा कि खरीदी कार्य में किसान हित सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अपने अधिकारों को लेकर जनप्रतिनिधियों ने किया प्रदर्शन

# सरपंच, जनपद सदस्य हुए लामबंद, मूलभूत राशि और अन्य विषयों पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा





कोंटा विकासखंड के सरपंच जनपद सदस्यों ने आज बस स्टैंड परिसर में अपना एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान आकर्षण कराया। विगत लम्बे समय से पूर्ण विकास से वंचित ग्राम पंचायतों को नियद नेल्लानार के ग्राम पंचायतों को वर्ष 2025 - 26 का 15 वें वित्त सहित अन्य मूलभूत मद त्वरित आबंटन करने तथा अन्य मद से ग्राम पंचायतों में होने वाली कार्यों में पचास लाख तक राशि को पंचायत अभिकरण

■ 8 सूत्रीय मांग का ज्ञापन सीएम के नाम से जनपद सीईओ को सौंपा

एजेंसी को देने की मांग करते हुए आठ सूत्रीय मांग मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जनपद सीईओ के माध्यम सौंपा है।

ज्ञापन में विकासखंड के सभी जनप्रतिनिधियों ने लिखा है कि सुकमा में जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतों को वर्ष 2025-26 का 15 वें वित्त राशि एवं अन्य मूलभूत की राशि आज प्रयन्त तक आबंटन नहीं हुआ है। जबकि पंचायत चुनाव के एक वर्ष होने जा रहा है। इस कारण आदिवासी ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रहा है, क्योंकि आवश्यक विकास कार्य, जनसुविधाएं, आधारभूत ढांचे तथा दैनिक पंचायत संचालन सभी प्रभावित हो रहा है। तत्काल आबंटन जारी किए जाने एवमं ग्राम पंचायतो में अन्य मदों से होने वाली कार्यों में पचास लाख तक राशि को ग्राम पंचायत अभिकरण एजेंसी को दिए जाने। विगत वर्ष से श्रद्धांजलि योजना के तहत मिलने वाला राशि बंद हो जाने तथा पुनः चालू किए जानेश, डीएमएफ मद से जो कार्य शिक्षा विभाग को दिया गया है उसे तुरंत निरस्त कर ग्राम पंचायत को दिए जाने, ग्राम पंचायत के सरपंचों एवं जनपद पंचायत के प्रतिनिधियों का मानदेय में भी वृध्दि किए जाए। जनपद सदस्यों का मानदेय पांच हजार से बडा कर दस हजार एवं सरपंचों का मानदेय चार हजार से बड़ा कर दस हजार करने तथा वार्ड पंच का मानदेय पांच सौ से दो हजार किए जाने। जनपद विकास निधि कि राशि दो लाख से बड़ा कर पांच लाख किया जाने। जनपद पंचायत के अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों की राशि चालिस प्रतिशत दिए जाने एवं उसे एक मुश्त राशि जारी किए जाने सहित जनपद पंचायत के अन्तर्गत सभी पंचायतों में डीएमएफ मद से पंचायत प्रस्ताव के आधार पर निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान किए जाने की मांग की है। प्रदेश के मुख्यमंत्री को अपनी आठ सूत्रीय अंतर्गत समस्याओं को त्वरित निराकारण करने की आशा व्यक्त करते हुए। जनप्रतिनिधियों ने एक सप्ताह के भीतर निराकरण नहीं हुआ तो मजबूरन आंदोलन के लिए बाध्य होने की बात कही है।

### स्वीकृत कार्य निरस्त करना दोहरा व्यवहार

जिला पंचायत सदस्य सोयम भीमा ने डबल इंजन की सरकार कहते हुए भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए जनप्रतिनिधियों को पार्टी का नाम पूछ-पूछकर कार्य की स्वीकृति दिए जाने तथा अब तक मूलभूत की राशि आबंटन नहीं किए जाने नक्सल दंश से पटरी पर लौट रहे नियद नेल्लानार जैसे ग्राम पंचायतों को आबंटन समय पर नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए अपनी बात रखी। वहीं सरपंच संघ के अध्यक्ष मड़कम मुका, उपाध्यक्ष देवेंद्र तेलाम, जनपद उपाध्यक्ष माड़वी हिड़मा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष माड़वी देवा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने अपनी आवाज मुखर की और नारे लगाए। पंचायत प्रतिनिधियों की जायज मांगो के समर्थन में कोंटा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुधीर पांडेय, पार्षद देवी सहित नगर पंचायत अध्यक्ष मौसम जया धरना स्थल पहुंच अपना समर्थन दिया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सोयम मंगम्मा, सरपंच दयावति, सुन्नम नागेश, सरपंच मड़काम कृष्णा सहित नमीर अली शब्बीर प्रकाश इरफान कार्यकर्ता वनांचल क्षेत्रों के सरपंच जनपद सदस्य मौजूद थे।

## कर्मचारियों ने 3 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन विधायक को सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर जिले के विभिन्न छात्रावासों व आश्रमों में मजदूरी दर पर कार्यरत रसोईया, चौकीदार, जलवाहक सहित अन्य कर्मचारी अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आज बड़ी संख्या में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

कर्मचारियों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर नियमित भुगतान तथा कार्य आदेश जारी करने जैसी मूलभूत समस्याओं को तत्काल प्रभाव से निराकरण करने की गुहार लगाई। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कर्मचारियों ने बताया कि विगत कई महीनों से भुगतान में निरंतर विलंब हो रहा है, जिसके चलते उनके परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

विधायक ने कर्मचारियों की समस्याओं पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा किपूर्व में जब हमारी सरकार थी तब सभी वर्गों का नियमित भुगतान सुनिश्चित होता था और कर्मचारी सम्मानपूर्वक कार्य करते थे। लेकिन वर्तमान सरकार ने भेदभावपूर्ण रवैया अपनाते हुए रसोइया व अन्य कर्मचारियों का पिछले आठ महीनों से वेतनमान बंद कर दिया है, जो अत्यंत दुःखद और अमानवीय है।

आज भी अनेक कर्मचारियों को कार्य आदेश जारी न होना सरकार की लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने सरकार से दृढ़ता पूर्वक मांग की कि सभी रसोईया, चौकीदार, जलवाहक एवं अन्य श्रमिक कर्मचारियों की श्रम सम्मान राशि का भुगतान तत्काल पुनः प्रारम्भ किया जाए। जिससे इन कर्मचारियों को लंबे समय से चले आ रहे आर्थिक संकट से राहत मिल सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे कर्मचारियों की समस्याओं को विधानसभा और शासन स्तर तक मजबूती से उठाएंगे तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव साथ खड़े रहेंगे।

## सांसद ने बस्तर के युवाओं के लिए विशेष पहल की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



सांसद महेश कश्यप ने लोकसभा में नक्सल प्रभावित जिलों के युवाओं के लिए विशेष पहल की मांग उठाते हुए खेल एवं युवा कल्याण मंत्री से राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक और एनएसएस कार्यक्रमों की स्थिति पर जानकारी चाही। उन्होंने पूछा कि देश भर में इस योजना के अंतर्गत अब तक कितने राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों की नियुक्ति की गई है। क्या सरकार प्रशिक्षण और निगरानी तंत्र को मजबूत करने पर कार्य कर रही है। साथ ही उन्होंने ओडिशा के भद्रक और बालासोर जिलों में स्वयंसेवकों की तैनाती बढ़ाने एवं गतिविधियों के विस्तार से जुड़ा प्रश्न भी रखा। मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत देश में कुल 13,206 स्वयंसेवकों की नियुक्ति प्रस्तावित है, जिनमें से 3,058 की नियुक्ति पूरी हो चुकी है और 8,395 पदों पर प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि स्वयंसेवकों का जिला अधिकारियों के साथ समन्वय कर माय भारत सहित युवा कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का लक्ष्य है।

### बस्तर के लिए विशेष पहल की मांग

पूरक प्रश्न में सांसद ने कहा कि बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित जिलों में युवा अक्सर मुख्यधारा से भटक जाते हैं, ऐसे में एनएसएस के माध्यम से विशेष कार्यक्रम आवश्यक है। मंत्री ने बताया कि एनएसएस राज्य सरकारों के साथ योजना है, जिसका उद्देश्य युवा नेतृत्व क्षमता को बढ़ाना और युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए संगठित करना है।

### प्रशिक्षण मजबूत करने पर जोर

सांसद और प्रताप चंद्र सारंगी के प्रश्न पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय युवा कोर योजना के अंतर्गत देशभर में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में हजारों स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। प्रशिक्षण, निगरानी और पर्यवेक्षण को मजबूत करने के लिए संरचनात्मक सुधार किए जा रहे हैं। ओडिशा के भद्रक और बालासोर जिलों में तैनाती बढ़ाने, प्रशिक्षण सहयोग और कार्यक्रम गतिविधियों में वृद्धि के प्रस्ताव भी विचाराधीन हैं।

## ग्रामीणों को कंबलों का किया वितरण



**गीदम।** मां वंगे डोकरी यायो शिक्षण एवं जनकल्याण समित द्वारा समाजसेवा की पहल करते हुए गीदम जनपद के ग्राम पंचायत बुधपदर में बुजुर्ग माताओं एवं ग्रामीणों को गर्म कंबलों का वितरण किया गया। सर्द मौसम में जरूरतमंदों को राहत देने हेतु आयोजित यह कार्यक्रम गांव में सौहार्द और सहयोग की भावना से भरपूर रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष राजेश कश्यप ने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल सहायता प्रदान करना ही नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक संवेदना और सहयोग पहुंचाना है।

## 4 छात्राएं तैराकी स्पर्धा में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कार्यालय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बस्तर द्वारा जारी पत्र के अनुसार 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता तैराकी बालिका 14, 17 एवं 19 वर्षीय आयु वर्ग में बीजापुर जिले की चार प्रतिभाशाली बालिकाओं का चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता 12 दिसंबर से 17 दिसंबर तक नई दिल्ली में आयोजित होगी जिसमें देशभर के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

बीजापुर जिले से चयनित खिलाड़ी जिनमें अंडर 14 वर्ग रीता पोरतेटी एवं गुंजन कोरसा वहीं अंडर 19 वर्ग सदना पोरतेटी एवं अक्षिता तोड़ेम प्रतियोगिता से पूर्व चयनित खिलाड़ियों के साथ स्वीमिंग कोच दिप्ती वर्मा 10 दिसंबर को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

कलेक्टर संबित ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ये प्रतिभाशाली छात्राएँ न केवल अपने विद्यालय का बल्कि पूरे जिले का नाम राष्ट्रीय पर रोशन करेंगी। आप सभी में अपार क्षमता है। पूर्ण मनोयोग से अभ्यास करें और बेझिझक अपने कौशल का प्रदर्शन करें। जिले से चार खिलाड़ियों का चयन होना बीजापुर के लिए गर्व की बात है। इन बालिकाओं ने कठिन मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है। इस दौरान खेल अधिकारी नारायण गवेल एवं जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया उपस्थित थे।

**मलेरिया मुक्त अभियान का शुभारंभ**

## स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन : अटामी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के 13वें चरण का आज विकासखंड कटेकल्याण के बस स्टैंड परिसर से औपचारिक शुभारंभ किया गया। ज्ञात हो कि अभियान के तहत 8 से 31 दिसंबर तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य अमला घर-घर पहुंचकर प्रत्येक व्यक्ति का मलेरिया टेस्ट करेगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मलेरिया से बचाव और जागरूकता संबंधी जानकारी भी आमजन को प्रदान की जाएगी, ताकि जिले को पूर्णतः मलेरिया मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। मलेरिया एक गंभीर बीमारी है, इसे हल्के में लेने की गलती बिलकुल नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मलेरिया संक्रमण मुख्य रूप से गंदे एवं ठहरे हुए पानी में पनपने वाले मच्छरों से फैलता है। इसलिए हमें अपने घरों और आसपास सफाई बनाए रखने, पानी जमा न होने देने और पीने के पानी को हमेशा उबालकर या फिल्टर कर ही उपयोग करने की आदत डालनी होगी। बाहर का अस्वच्छ खाना-पान बीमारी को बढ़ाता है, इसलिए स्वच्छ भोजन करें।

## 5000 से अधिक लोगों ने दी नव साक्षर परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर ब्लॉक में उल्लास महा परीक्षा का 7 दिसंबर को आयोजन किया गया। इस महाअभियान में उल्लास केंद्रों में अध्ययनरत नवसाक्षरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के अनेक असाक्षर महिला-पुरुष भी बड़ी संख्या में परीक्षा देने पहुंचे। उनकी भागीदारी और पढ़ने-लिखने के प्रति जागरूकता

■ उल्लास महा परीक्षा संपन्न, नवसाक्षरों का उत्साह उमड़ा

देखते ही बनती थी, जिससे पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक माहौल बना। मधोता सेक्टर के अंतर्गत रेटावंड, खड़का-मधोता, कुंडगुडा, रोतमा, मुंडागांव, गुरिया, राजपुर, केशरपाल, तुरपुरा, बनियागांव भोंड और इसके अलावा बस्तर ब्लॉक के सभी संकुलों में नवसाक्षरों ने सक्रिय रूप से परीक्षा में हिस्सा लिया। गांवों में पहली बार परीक्षा देने वाले कई प्रतिभागियों के चेहरे पर सीखने की ललक और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था।

बस्तर ब्लॉक मे लगभग 5000 परीक्षार्थियों ने इस महा अभियान परीक्षा में परीक्षा दिया।

कई परीक्षा केंद्रों में मां -बेटी, पिता- पुत्र भी साथ में परीक्षा देने पहुंचे। इसी क्रम में बस्तर खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन द्वारा विकासखंड के अंतिम सुदूर क्षेत्र मांदलापाल, पाथरी, कांवड़गाव तक पहुंच कर परीक्षा केंद्र देखा। एक परीक्षा केंद्र में एक परीक्षार्थी अपने दूध पीते बच्चे के साथ परीक्षा देने आई जिसे खंड शिक्षा अधिकारी ने पर्ची देकर परीक्षा में बैठाया। शासन-प्रशासन ने इस आयोजन को अत्यधिक गंभीरता से लेते हुए विशेष मॉनिटरिंग टीमों का गठन किया। उच्च अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। साक्षरता बढ़ाने की दिशा में यह प्रयास शासन की उस दूरदर्शी सोच का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत लक्ष्य रखा गया है कि क्षेत्र का हर नागरिक चाहे पुरुष हो या महिला साक्षरता की श्रेणी में आए।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन बीआरसी अजम्बर कोरार्म उल्लास नवभारत साक्षरता बस्तर के नोडल देवेंद्र सोनी सेक्टर नोडल, डमरू दास पंत, खुरेश मंडवी, आयतु राम पाढे, कृष्णा सिंह ठाकुर, चंद्रशेखर स्वादू, विकास रावटे सभी संकुलों के सीएसी साथी और शिक्षकगण उपस्थित थे।

## सप्त शक्ति संगम महिला सम्मेलन मनाया गया



**लोहंडीगुड़ा।** सरस्वती शिशु मंदिर लोहंडीगुड़ा विद्यालय में सप्त शक्ति संगम महिला सम्मेलन मनाया गया। यह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 150 वीं वर्ष की उपलक्ष्य में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माधुरी मंडावी एवं प्रवक्ता सरोज दास और सहसंयोजीका बिंदेश्वरी ठाकुर, सुमित्रा नाग, विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमलता ठाकुर एवं अन्य आचार्य बसंती यादव, उमेश्वर पटेल, टंकेश्वर कश्यप और सभी माताओं, बहनों के साथ मिलकर सभी के उपस्थिति से यह कार्यक्रम करवाया गया। जिसमें नारी के सात शक्ति एवं कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण के बारे में विस्तार पूर्वक बताके इस कार्यक्रम को संपन्न कराया गया।

## एग्रो पोर्टल को तत्काल बंद किया जाए: बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति बस्तर संभाग के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि वर्तमान में लागू एग्रो पोर्टल के कारण बस्तर संभाग सहित प्रदेश के अनेक जिलों में सैकड़ों किसान धान बेचने की प्रक्रिया से वंचित हो गए हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बड़ी संख्या में किसानों को वन अधिकार मान्यता पत्रक (एफआरए पट्टा) दिया गया है और कई किसानों ने इन पट्टों के आधार पर केसीसी ऋण भी प्राप्त किया है। इसके बावजूद एग्रो पोर्टल की जटिल प्रणाली और तकनीकी खामियों के कारण ये किसान धान बेचने योग्य सूची में शामिल ही नहीं हो पाए हैं।

बघेल ने कहा कि ऐसे हालात में किसानों का धान खरीद केंद्रों में पंजीयन नहीं हो पा रहा है, टोकन जारी नहीं हो रहे हैं और प्रक्रिया अत्यधिक विलंब से चल रही है।

इससे किसानों में भारी असंतोष और निराशा है। समिति का स्पष्ट मत है कि जब ऑनलाइन प्रक्रिया किसानों को राहत देने के बजाय उन्हें और अधिक कठिनाइयों में धकेल रही है, तब सरकार को पुरानी ऑफलाइन धान खरीदी प्रणाली को तत्काल प्रभाव से बहाल करना चाहिए, ताकि हर किसान बिना परेशानी के अपनी उपज बेच सके।

उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में धान खरीदी प्रारंभ हो जाने के बावजूद भारी संख्या में किसान टोकन कटने में देरी, सर्वर डाउन, लॉगिन समस्या, दस्तावेज़ सत्यापन में असंगति जैसी तकनीकी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इन समस्याओं के कारण किसान दिनों–दिन खरीदी केंद्रों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

## जल संरक्षण के लिए श्रमदान जरूरी : विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले ग्राम पंचायत चंदेनार में जल संरक्षण एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने एक अनोखी पहल की गई। जिसमें विधायक चैतराम अटामी के नेतृत्व में सामूहिक श्रमदान का आयोजन हुआ। इस श्रमदान कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ-साथ ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत गांव से होकर बहने वाले नाले में कई अस्थायी छोटे-छोटे बांधों का निर्माण किया गया। इन बांधों के निर्माण का मुख्य उद्देश्य बारिश एवं अन्य जल स्त्रोतों से उपलब्ध पानी को संरक्षित करना है ताकि गर्मी के मौसम में भी किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के जल संरक्षण हेतु किए गए इस पहल से ग्रामीणों के मध्य जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता आएगी। साथ ही किसानों को विशेष रूप से सब्जियों एवं अन्य फसलों की खेती में लाभ मिलेगा।

विधायक ने कहा कि जल ही जीवन है और यदि हम पानी को सही तरीके से संचित करें तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने किसानों को जैविक खेती अपनाने हेतु प्रेरित किया और बताया कि रसायन मुक्त खेती से न केवल मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी बल्कि स्वास्थ्यवर्धक फसलें भी प्राप्त होंगी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जिला पंचायत सदस्य तिलेश्वरी नागेश सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, जनपद पंचायत सीईओ पटेल सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अमीन-पटवारी भर्ती परीक्षा में 3397 परीक्षार्थियों रहे उपस्थित



**दंतेवाड़ा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में अमीन-पटवारी भर्ती प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करने हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में व्यापक तैयारी की गई। इस परीक्षा के संचालन के लिए संयुक्त कलेक्टर भरतराम ध्रुव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। जिले में आयोजित इस भर्ती परीक्षा में कुल 4802 परीक्षार्थियों का पंजीयन हुआ था, जिनमें से 3397 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में उपस्थिति दर्ज कराई। परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखते हुए शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई थी।

## वृहद एंटी रैबिज टीकाकरण चल रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बचेली नगरीय क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पशु जनित संक्रमणों की रोकथाम के उद्देश्य से आवारा कुत्तों के लिए एक वृहद एंटी रैबिस टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। यह पहल नगर को रैबिस मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका क्रियान्वयन नगर पालिका परिषद बड़े बचेली और पशु चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा किया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर के विभिन्न वार्डों में घूम घूम कर सुरक्षित तरीके से प्रतिदिन 20-25 आवारा कुत्तों को पकड़ कर उन्हें एंटी रैबिस वैक्सीन लगाई जा रही हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने बताया की नगर वासिओं में आवारा कुत्तों का भय हमेशा बने रहता है जिसे दूर करने के लिए यह टीकाकरण अभियान बेहद जरुरी है। नगर पालिका आगे भी इसे निरंतर जारी रखेगा तथा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार आवारा कुत्तों के नसबंदी करने के लिए डॉग शेल्टर होम बनाए जाने हेतु जगह चिन्हांकन करने का प्रयास किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण विषय पर जानकारी देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीटीएम कृष्णा राव ने बताया की यह अभियान नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और पशु जनित संक्रमणों की रोकथाम के हमारे प्राथमिक उद्देश्य के साथ संचालित किया जा रहा है। रैबिस एक घटक बीमारी है और आवारा पशुओं का टीकाकरण करके हम एक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण का निर्माण कर सकते हैं। प्रशासन की यह पहल एक कदम स्वस्थ और सुरक्षित बचेली बनाने की दिशा में एक अनुकर्णीय उदहारण प्रस्तुत करती है।

**न्यायालय तहसीलदार**
**लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

रा.प्र. क्रं.:-2025121523000152/
ब-121/2025-26
ग्राम एरण्डवाल प.ह.नं. 17

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा का मूल प्रति एवं आधार कार्ड, राशन कार्ड अंकसूची मय आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। आवेदक श्री लम्बोदर पिता सोमारू स्वंय लम्बोदर पिता सोमारू जाति मुरिया निवासी ग्राम एरण्डवाल का जन्म दिनांक 11/11/1984 को दर्शाया गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। जिसकी पेशी दिनांक 30/01/2026 को नियत किया गया है। जिस किसी को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना है। निर्धारित तिथि तक अपने अधिवक्ता/अभिभाषक के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरांत किसी के आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/12/2025 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**लोहण्डीगुड़ा**

## खबर संक्षेप

### मोटर साइकिल चोर पकड़ाया



**जगदलपुर।** पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं अति पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग, नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली भोला सिंह राजपुत के नेतृत्व में टीम गठित कर वाहन चोरी करने वाले आरोपी तुलसीराम नाग 25 साल कोलेंग थाना दरभा पर कार्यवाही किया गया है। 7 दिसंबर को मुखबिर सूचना के आधार पर 2024 में महारानी अस्पताल से चोरी हुए वाहन चोर को टीम बनाकर हिरासत में चोरी किए मोटर सायकल हीरो होंडा क्रमांक सीजी 17 केएम 9842 को जप्त कर कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में उनि. अरुण मरकाम, सउनि कार्तिक सिन्हा, प्रधान आरक्षक अनंत बघेल आरक्षक रवि ठाकुर, रामसाय नागेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कमिश्नर का मावलीभाटा में सरपंच और प्रदेश अध्यक्ष ने किया स्वागत



**जगदलपुर।** कमिश्नर रायपुर महादेव कावरे ने छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास पाल के कार्यालय में कुछ समय व्यतीत किया। मावलीभाटा स्थित कार्यालय में सरपंच बोंगो दादा एवं स्थानीय नागरिक रामटेके, सोमरू कश्यप ने उनका स्वागत किया। उनके साथ रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र ठाकुर उपस्थित थे। गौरतलब है कि महादेव कांवरे बीजापुर जिले के निवासी हैं।

## बालाजी मंदिर का वार्षिक उत्सव भव्य और विशेष होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बालाजी मंदिर में होने वाला रजत जयंती वार्षिक उत्सव इस बार भव्य और विशेष होने जा रहा है। इसके लिए टेंपल ट्रस्ट ने रविवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया। बताया गया कि श्रद्धालुओं की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए उत्सव को सुव्यवस्थित व आकर्षक बनाया जाएगा।

■ बैठक में अलग अलग टीम को दायित्व देने पर विचार विमर्श

बैठक में आगामी दिनों के कार्यक्रमों का खाका तैयार किया गया और कार्यों का वर्गीकरण करते हुए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया।



ट्रस्टियों के साथ वॉलिंटियर्स भी मौजूद रहे। अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। प्रत्येक टीम को तय समय-सीमा में अपनी तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

## स्कूली बच्चों ने लामनी पार्क में पक्षी विहार का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार के कक्षा के अव्वल बच्चों को आज शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। प्राचार्य जी शिवा रेड्डी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा की शुरूआत की। जिसमें बच्चों को सबसे पहले मां दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन करवाए गए। फिर बच्चों को प्राकृतिक जानकारी देने के लिए लामनी पार्क (उद्यान) व पक्षी विहार ले जाया गया। जहां बच्चों ने पक्षियों और वनस्पतियों के बारे में जानकारी ली साथ ही झूलों का आनंद भी लिया।

■ एकलव्य विद्यालय कोड़ेनार के बच्चों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

इसके बाद शहीद गुण्डाधूर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ले जाया गया। जहां बच्चों ने कृषि के नए नए तरीके को जाना जिसमें मिश्रित खेती, मशरूम बनने की विधि, नारियल की खेती के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद बच्चों को चित्रकोट जलप्रपात ले जाया गया जहां सामाजिक विज्ञान के शिक्षकों ने भौगोलिक जानकारी दी तथा इंद्रावती नदी के बारे में बताया।



### स्टेट कोटा 50 प्रतिशत से घटाकर 25 करने का विरोध

# मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने खोला सरकार के खिलाफ मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर




डिमरापाल स्थित मेडिकल कालेज छात्राओं ने सोमवार की शाम को अचानक से प्रशासनिक भवन के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने अपने हाथ मे तख्तियां पकड़कर अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए साय सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त किया, छात्रों का कहना था कि राज्य में एमबीबीएस सीटों का कोटा 50 से घटाकर 25 प्रतिशत किए जाने की खिलाफत करते नजर आए। एमबीबीएस छात्रा तेजस्विनी शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार के खिलाफ यह विरोध जारी रहेगा। प्रशासनिक बिल्डिंग के सामने इकट्ठा होकर स्टूडेंट अपनी बात सरकार तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। हाथों में तख्तियां लेकर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे छात्रों ने संघर्ष जारी रखने की बात कही है।

कोटा बहाल किए जाने तक विरोध जारी रखने की बात छात्र कह रहे हैं और उनका तर्क है कि यह कोटा यदि घटा दिया गया तो इससे काफी नुकसान होगा। पहले ही राज्य में डाक्टरों की काफी कमी है। इसके चलते जूनियर डाक्टरों पर काम का अतिरिक्त बोझ रहता है। यदि सीटें आधी कर दी गईं तो इसका सीधा नुकसान राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पर पड़ेगा।

### 50 सीट वापस चाहिए




छात्र संघ के मनोज यादव ने बताया कि सीट घटाने से यहां के छात्रों को काफी परेशानी होगी, क्योंकि सीट कम होने से बाहर से आने वाले छात्र यहां से पढ़ाई करके वापस चले जायेंगे, जबकि हमारी जो 50 सीट थी वह वापस चाहिए, नहीं मिलने पर सड़क तक कि लड़ाई लड़ी जाएगी। डॉ. प्रशांत ने बताया कि गजब छत्तीसगढ़ है, जहां सरकार ये नही चाहती कि यहां के बच्चे पीजी करके पढ़ाई करें, बल्कि ये चाहती है कि बाहर के बच्चे यहां आकर अपनी पढ़ाई को पूरा करे और वापस चले जाएं, इस मामले को लेकर कोर्ट तक चले गए है, अगर हमारी मांग पूरी नहीं होगी तो रायपुर में भी जाकर प्रदर्शन किया जाएगा।

## केशलूर रेलवे क्रॉसिंग में हो रहा आरओबी का निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर संभाग के सुकमा रोड में केशलूर रेलवे क्रॉसिंग में आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से आरओबी का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

■ एनएच के एसडीओ ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

एनएच के एसडीओ ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि केशलूर के पास रेलवे क्रॉसिंग और इसके आसपास आए दिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की ओर से केशलूर के रेलवे क्रॉसिंग में 5 हैक्टेयर क्षेत्र में 100 करोड़ रुपए की लागत से 1900 मीटर लंबा आरओबी और सड़क का निर्माण किया जा रहा है, वर्ष 2026 में पूर्ण होगा। आरओबी बनने से सुकमा, कोंटा जाने वाले वाहनों को राहत मिलेगी।

### ठेकेदार को दिए निर्देश

लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के एसडीओ अशोक कुमार कुंजाम ने ठेकेदार को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा करें।

## आवासीय क्षेत्र से दूर हो टेलिंग डेम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद के मार्गदर्शन में दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष रेमो मरकाम एवं संभागीय महामंत्री रामनाथ नेगी के नेतृत्व में पदाधिकारी द्वारा बचेली किरंदुल के एसडीएम के माध्यम से एनएमडीसी की टेलिंग डेम को आवासीय इलाके से स्थानांतरित करने एवं अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

■ बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि डैम के करीब रह रहे मूल निवासियों को पुनर्वास मुआवजा रोजगार की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

नगर पालिका बचेली निवासी तीन चार पीढ़ी से अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में निवासरत है।

यह टेलिंग आवासीय क्षेत्र से मात्र 100 मीटर की दूरी पर है। जिसमें कुछ माह पूर्व भूस्खलन हुआ था। ज्ञापन में कहा गया है कि किरंदुल बचेली के टेलिंग डेम की क्षमता आने वाले समय में अपशिष्ट पदार्थ की मात्रा से कम है। सभी टेलिंग डेम नगर पालिका किरंदुल और नपा बचेली के आवासीय क्षेत्र के करीब निर्माणाधीन एवं वर्तमान में संचालित है । ऐसे में कभी भी बड़ी दुर्घटना की संभावना है। ऐसी स्थिति में जोखिम बना हुआ है। मोर्चा ने कहा कि यह प्रभावित लोगों से जुड़ा विषय है। इसलिए संवेदनशीलता के साथ विचार किया जाए ।

## बस्तर की युवा टीम दिल्ली में करेगी प्रदर्शन : झा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के मार्गदर्शन में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के आदेशानुसार बस्तर जिला युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा के नेतृत्व में अटल बिहारी बाजपेई वार्ड उत्तर ब्लाक युवा कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक हुई ।

■ नए शहर अध्यक्ष का हुआ जोशिला स्वागत

बैठक में नए शहरध्यक्ष का स्वागत किया गया। मंच का संचालन संभाग प्रभारी अनुराग महतो ने किया ।



निकेत राज झा ने कार्यकर्तागण को संबोधित करते हुए कहा आगामी दिनों में बस्तर की युवा टीम दिल्ली में वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में उपस्थिति दर्ज कराएगी। इसके साथ ही सभी पांच ब्लॉको में कार्यकारिणी का विस्तार एवं शहर के प्रत्येक वार्ड में वार्ड अध्यक्ष का गठन करेगी। ताकि मंडल स्तर, ब्लॉक स्तर, वार्ड स्तर एवं जिला स्तर पर मजबूत टीम बनाई जा सके । इसके अलावा आने वाले 100 दिनों में जनहित के मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार को घेरने बैठक में चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश महासचिव सुरज कश्यप, असीम सुता, रजत जोशी, मुकेश, उमेश मेहुलकर, धरम मौर्य, अमित पाणिग्रही, हर्षल पांडे, विष्णु नाग, संदीप पिल्ले, संजय नाग, समीर निर्मलकर, नागेश करई, लीलेस साहू, राकेश, नीरज, रोहित निषाद, योगी, निखिल, अमर, सिद्धार्थ, विकास, रोशन, शुभम, अमित, राजेश, गुड्डू, दिनेश, कृष्णा, प्रीतम निषाद, विक्की, कीर्तन निषाद, बलराम, शंकर, आनंद, सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्तगण मौजूद रहे।



## लाइव प्रसारण में बस्तरवासियों ने देखा महाराज का सम्मान कार्यक्रम

**जगदलपुर।** हरियाणा में आयोजित विशेष समारोह में 12 खाप पंचायतों और 85 गांवों ने संत रामपाल महाराज को पगड़ी भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में ग्रामीणों, किसानों और श्रद्धालुओं की भागीदारी देखने को मिली। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जगदलपुर में किया गया। संत रामपाल महाराज को किसान मसीहा सम्मान से सम्मानित किया गया। कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सरपंचों एवं खाप प्रधानों ने महाराज द्वारा किए गए किसानों की मदद, बाढ़ राहत कार्यों, गरीबों और जरूरत मंदों की सहायता कार्यों की सराहना की।

## केवाईसी के चक्कर में परेशान हो रहे लोग : चौधरी



**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश सरकार की नीति आम नागरिकों को परेशान करने के लिए बनाई जा रही है । कभी नवीनीकरण के नाम से कभी केवाईसी के नाम से कभी आधार लिंक के नाम से जनता को लाइन में खड़े होने के लिए मजबूर किया जा रहा है। कई जगह सर्वर काम नहीं करता है । कुछ ही माह पूर्व राशन कार्ड का नवीनीकरण किया गया इसके बाद आधार से लिंक कराया गया। फिर से सरकार का आदेश आ गया राशन कार्ड केवाईसी करवाना अनिवार्य है। अंतिम तिथि 8 दिसंबर रखी गई। उन्होंने कहा ट्रिपल इंजन की सरकार की नई गाथाएं सुनने को मिल रही है। इसलिए जनमानस परेशान है। चॉइस सेंटर में भी ऐप नहीं खुल रहा है, राशन कार्ड शो नहीं कर रहा है कहकर हितग्राहियों को वापस कर दिया जा रहा है।

## 14 गेंद में 37 रन बनाकर अरविंद ने कुम्हरावंड को जीत दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करपावंड

आज मारुति 11 क्रिकेट क्लब करपावंड का प्रथम मैच खेला गया। मंगनार विरुद्ध मैलबेड़ा की टीम के बीच मुकाबला हुआ। मंगनार की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मैलबेड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 67 रन का टारगेट दिया। जिस लक्ष्य को मंगनार की टीम ने आसानी से प्राप्त कर लिया। मंगनार की ओर से मैन ऑफ द मैच दुलसिंह कश्यप रहे। जिन्होंने 24 गेंद में 34 रन बनाएं और देकर दो विकेट हासिल किया।

■ मंगनार ने मैलबेड़ा को आसानी से हरा दिया



वही दूसरा मैच मूली विरुद्ध कुम्हरावंड के बीच खेला गया। जिसमें मूली की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 80 रन का टारगेट दिया। कुम्हरावंड के बल्लेबाज अरविंद ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत दिला दिया और आज के मैन ऑफ द मैच रहे। अरविंद ने 14 गेंद में 37 रन बनाएं तीन ओवर में 28 रन देकर 2 विकेट भी लिए।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो जगदलपुर क्षेत्र शहर एवं ग्रामीण में अखबार का प्रसार कार्य कर सकें, जिसके पास स्वयं का वाहन हो।
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक अकाउंट आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें 9131893124
योग्यता-12 से स्नातक
वेतन-10000 रुपए मासिक
हरिभूमि संभागीय कार्यालय
प्रतापगंज पारा, पूनम होटल जगदलपुर

### अवैध उपज का परिवहन रोकें अन्यथा होगी कार्रवाई

# मंडी में आवक-आय बढ़ाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

मंडी शुल्क का भुगतान किए गए बगैर कृषि उपज को अवैध तरीके से परिवहन को रोकने एवं पता लगाने में कृषि उपज मंडियों में तैनात अमले की रूचि दिखाएं और परिवहन रोकें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मंडी में आवक बढ़ाने तथा मंडी की आय बढ़ाने पर जोर दिया। उक्त बातें राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक आईए खैरानी ने सोमवार को आयोजित बस्तर संभाग के 11 मंडी सचिवों की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि संभाग के सातों जिले के बस्तर जिले के धनपूंजी, भोपालपटनम, कोंटा, नारायणपुर में बेरियर लगाया गया है, जहां के लिए अवैध उपज का परिवहन रोकने की टीम के अधिकारी-कर्मचारी पदस्थ किए गए हैं। मंडी का लायसेंस नहीं होने पर मंडी के नियमानुसार कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

■ मंडी बोर्ड के जेडी ने संभाग के 11 सचिवों की ली बैठक



### बिना लायसेंस के उपज लाना प्रतिबंधित

मंडी बोर्ड जेडी आईए खैरानी ने निर्देश दिया कि मंडी क्षेत्र में अन्य प्रांतों, अंतर जिला से बिना लायसेंस के उपज लाना प्रतिबंधित है। साथ ही मंडी शुल्क का भुगतान होने के बाद ही उपज का परिवहन करने दें।

online Booking:-www.tripuryatra.com

20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411